# Medicare साझा बचत कार्यक्रम
# जवाबदेह देखभाल संगठन
## *आपको सबसे अच्छी देखभाल देने के लिए एक साथ काम करते हुए।*

**एक जवाबदेह देखभाल संगठन** (ACO) का हिस्सा है। हम यह सुनिश्चित करने के लिए अन्य डॉक्टरों, **अस्पतालों और स्वास्थ्य देखभाल प्रदाताओं के साथ मिलकर काम करते हैं ताकि आपको सबसे अच्छी देखभाल मिले।**

## *हम आपको स्वस्थ होने और स्वस्थ बने रहने के लिए समन्वित देखभाल प्रदान करते हैं*

- आपको रोगियों के लिए विशिष्ट देखभाल मिलती है जो आपकी जरूरतों पर केंद्रित होती है।
- आपके स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता एक ही परीक्षण परिणाम, उपचार और नुस्खे देख सकते हैं।
- अधिक समन्वय चिकित्सा संबंधी त्रुटियों और दवाओं के बीच परस्पर क्रियाओं की रोकथाम में मदद करता है।
- आप बार-बार के परीक्षणों और मुलाकातों से बचकर समय और पैसे की बचत कर सकते हैं और निराशा से बच सकते हैं।
- बेहतर संचार Medicare संबंधी धोखाधड़ी और बर्बादी से बचने में मदद कर सकता है।

## *हमारे संचार और समर्थन के साथ अपनी देखभाल का अधिकाधिक लाभ उठाएं*

- जब आप किसी ऐसे स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता को चुनते हैं जो ACO में भाग लेता है, तब वह सही समय पर सही देखभाल प्राप्त करने में आपकी मदद करता है। प्राथमिक देखभाल चिकित्सक चुनने के लिए आप Medicare.gov पर जा सकते हैं और अपने सुरक्षित Medicare खाते में लॉग इन (या उसका निर्माण) कर सकते हैं।

- Medicare आपकी स्वास्थ्य जानकारी की गोपनीयता की रक्षा करता है। यदि आप नहीं चाहते कि Medicare देखभाल के समन्वय के लिए आपके स्वास्थ्य देखभाल प्रदाताओं के साथ जानकारी साझा करे, तो 1-800-MEDICARE (1-800-633-4227) पर कॉल करें। प्रदाता की गुणवत्ता को मापने के लिए Medicare अब भी सामान्य जानकारी साझा कर सकता है।
  Medicare आपकी जानकारी का उपयोग कैसे कर सकता है और उसे कैसे प्रदान कर सकता है, इस बारे में अधिक जानकारी के लिए Medicare.gov पर जाएं और “गोपनीयता” की खोज करें।

## *अधिक जानकारी चाहिए?*

**हमारे फ्रंट डेस्क से पूछें**, या हमें **पर कॉल करें।**आप Medicare.gov पर भी जा सकते हैं या 1-800-MEDICARE (1-800-633-4227) पर कॉल भी कर सकते हैं। TTY उपयोगकर्ता 1-877-486-2048 पर कॉल कर सकते हैं।
Medicare से संबंधित चिंता या शिकायत की रिपोर्ट करने के लिए, 1-800-MEDICARE (1-800-633-4227) पर कॉल करें।

सीएमएस
MEDICARE और MEDICAID सेवाओं के लिए केंद्र

MEDICARE
साझा बचत
कार्यक्रम

जवाबदेह देखभाल संगठनों के बारे में अधिक जानने के लिए, यहां QR कोड स्कैन करें: